महत्वपूर्ण/समयबद्ध

संख्या-112/1055/84-डे0ई0-13-नि0-20/2002

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 27 दिसम्बर, 2013

विषय:- श्री उमेश चन्द्र जायसवाल, सेवाच्युत विक्रेता, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम के विरूद्व पारति दण्डादेश दिनांक 14-02-2008 पर की गयी अपील दिनांक 14-03-2008 के निस्तारण विषयक ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-293स्था0एस0/बत्तीस-2013, दिनांक 10 दिसम्बर, 2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निगम के निदेशक मण्डल की बैठक दिनांक 27-6-2012 द्वारा प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश शासन जोकि अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम भी थे, को अपीलीय प्राधिकारी नामित किया गया है। इसी मध्य मा0 मुख्यमंत्री जी के आदेशों के अनुपालन में श्री रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव को शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-सी0एम0-51/84-डे0ई0-2013-नि0-6/99, दिनांक 03 दिसम्बर, 2013 उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम में अध्यक्ष नामित/नियुक्त किया गया है। अत: अनुरोध है कि कृपया उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम अध्यक्ष पद पर नियुक्त श्री रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव को अपीलीय प्राधिकारी नामित किये जाने के संबंध में अपनी संस्तुति सहित स्पष्ट आख्या शासन को तीन दिवस के भीतर निश्चित रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/